उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या :: 182 /23/E-01/ DR(ICC/ASO) /2023-24 दिनाँक ::12 सितम्बर, 2024

शुद्धि–पत्र/विज्ञप्ति
अन्वेषक कम संगणक एवं सहायक सांख्यिकीय अधिकारी परीक्षा–2023

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अन्वेषक कम संगणक एवं सहायक सांख्यिकीय अधिकारी परीक्षा–2023 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में रिक्त 227 पदों (पूर्व विज्ञापित 223 पद एवं विज्ञप्ति संख्या: 181/23//E-1/DR(ICC/ASO)/2023-24, दिनांक 12 सितम्बर, 2024 के क्रम में 04 पदों को सम्मिलित करते हुए) पर सीधी भर्ती के माध्यम से चयन हेतु विज्ञापन संख्या: A-1/E-1/DR(ICC/ASO)/2023-24, दिनांक 07 फरवरी, 2024 द्वारा प्रकाशित किया गया था, जिसमें कृषि विभाग के अंतर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी वर्ग–2 (सांख्यिकी संवर्ग) (कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग) (रू0 35,400–1,12,400 लेवल–6) के 38 पद विज्ञापित किये गये थे। कृषि विभाग के पत्र संख्या–कृ0नि0/3118/स्था0 अनु0–1/अधियाचन/स0सां0अ0वर्ग–2 /2024–25, दिनांक 05 सितम्बर, 2024 द्वारा प्रेषित उत्तराखण्ड लोक सेवा (कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) अधिनियम, 2024 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 09, वर्ष 2024) के आलोक में उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले कुशल खिलाड़ियों के पक्ष में 04 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमन्य होने के आधार पर उपलब्ध कराये गये संशोधित अधियाचन के क्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग में सहायक सांख्यिकी अधिकारी वर्ग–2 (सांख्यिकी संवर्ग) के पदों का श्रेणीवार/उपश्रेणीवार संशोधित विवरण निम्नवत् है :–

<table>
<tr><th>क्र. स.</th><th>पद का नाम</th><th>आरक्षण श्रेणी</th><th>रिक्त पद</th><th>महिला</th><th>स्व0सं0 सेनानी आश्रित</th><th>निःशक्त (दिव्यांग)</th><th>पूर्व सैनिक</th><th>उत्तराखण्ड के अनाथ बच्चे</th><th>उत्तराखण्ड के कुशल खिलाड़ी</th></tr>
<tr><td rowspan="6">01.</td><td rowspan="6">सहायक सांख्यिकी अधिकारी वर्ग–2 (कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग)</td><td>अनारक्षित</td><td>24</td><td>07</td><td rowspan="5">01</td><td rowspan="5">01</td><td rowspan="5">02</td><td>01</td><td rowspan="5">01</td></tr>
<tr><td>अन्य पिछड़ा वर्ग</td><td>04</td><td>01</td><td>–</td></tr>
<tr><td>अनु0 जनजाति</td><td>–</td><td>–</td><td>–</td></tr>
<tr><td>अनुसूचित जाति</td><td>08</td><td>02</td><td>–</td></tr>
<tr><td>आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग</td><td>02</td><td>01</td><td>–</td></tr>
<tr><td>योग</td><td>38</td><td>11</td><td>01</td><td>01</td><td>02</td><td>01</td><td>01</td></tr>
</table>

02. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष सहायक सांख्यिकी अधिकारी वर्ग–2 (कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग), **लेवल–06 पद के सापेक्ष ऐसे कुशल खिलाड़ी आवेदन करने के पात्र होंगे जो ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता हों/प्रतिभाग किया हो अथवा जिनके द्वारा विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन खेलों में पदक विजेता हों/प्रतिभाग किया हो अथवा कॉमनवेल्थ खेल/एशियन चैम्पियनशिप में पदक विजेता हों/प्रतिभाग किया हो अथवा कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप/अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेलों में पदक विजेता हो/प्रतिभाग किया हो**, उक्त श्रेणियों के अतिरिक्त अन्य अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

03. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी, विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन खेलों में पदक विजेता /प्रतिभाग किया करने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल/एशियन चैम्पियनशिप में पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी एवं कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप/अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेलों में पदक विजेता /प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी के अलावा यदि किसी अन्य श्रेणी के योग्यता धारक अभ्यर्थी द्वारा त्रुटिपूर्ण दावा करते हुये आवेदन किया जाता है तो **उक्त परीक्षा के किसी भी स्तर पर त्रुटिपूर्ण दावा पाये जाने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा।**

04. उक्त के क्रम में उत्तराखण्ड लोक सेवा (कुशल खिलाड़ियों के लिए क्षैतिज आरक्षण) अधिनियम, 2024 (उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 09, वर्ष 2024) के आलोक में उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे ओलम्पिक खेलों में पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी, विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप/एशियन खेलों में पदक विजेता /प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी, कॉमनवेल्थ खेल/एशियन चैम्पियनशिप में पदक विजेता/प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी एवं कॉमनवेल्थ चैम्पियनशिप/अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय खेलों में पदक विजेता /प्रतिभाग करने वाले कुशल खिलाड़ियों हेतु अन्वेषक कम संगणक एवं सहायक सांख्यिकीय अधिकारी परीक्षा–2023 के सापेक्ष अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु आयोग की वेबसाइट **psc.uk.gov.in** अथवा **ukpsc.net.in** पर लिंक खोले गये हैं, जिसकी महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् है–

ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारम्भ तिथि	::	**14 सितम्बर, 2024**
ऑनलाइन आवेदन भरने की अन्तिम तिथि	::	**20 सितम्बर, 2024 (रात्रि 11:59:59 बजे तक)**

05. उक्तानुसार ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 20 सितम्बर, 2024 तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को **दिनांक 06 अक्टूबर, 2024 (रविवार) से दिनांक 08 अक्टूबर, 2024 (मंगलवार)** तक आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित कर लिया जाएगा, तथा उक्त अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र के संबंध में सूचना पृथक से आयोग की वेबसाइट के माध्यम से प्रेषित कर दी जाएगी।

उक्त पद के सापेक्ष आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी अन्वेषक कम संगणक एवं सहायक सांख्यिकीय अधिकारी परीक्षा–2023 हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या: A-1/E-1/DR(ICC/ASO)/2023-24, दिनांक 07 फरवरी, 2024 का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना सुनिश्चित करें। विज्ञापन की शेष समस्त शर्तें यथावत् रहेंगी।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।